दिनांक 23/01/2026

निगम आयुक्त ने जोन–5 के सार्वजनिक स्थलों का किया औचक निरीक्षण

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने आज जोन–5 अंतर्गत विभिन्न जनसुविधाओं और विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेक्टर–8 स्थित डोम शेड, वाटर एटीएम, मन्नान उद्यान और बैडमिंटन कोर्ट की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सेक्टर–8 स्थित डोम शेड के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि पुराना होने के कारण इसे संधारण की आवश्यकता है। उन्होंने जोन आयुक्त को तत्काल मरम्मत कराने और आस–पास बेहतर साफ–सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मार्केट के समीप स्थापित वाटर एटीएम का अवलोकन करने पर वह चालू अवस्था में पाया गया। आयुक्त ने वहां की स्वच्छता व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। मन्नान उद्यान के भीतर लगे झूलों, कुर्सियों और पाथवे के मरम्मत के निर्देश दिए गए। साथ ही झाड़ियों की कटाई–छटाई कर उद्यान को व्यवस्थित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान बाहर कचरे में लगी आग को आयुक्त ने तत्काल मौके पर ही बुझवाया। समीपस्थ उद्यान में स्थानीय नागरिक द्वारा घर का मलबा फेंके जाने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित को शीघ्र मलबा हटाने के निर्देश दिए हैं। सड़क नंबर 6 स्थित बैडमिंटन कोर्ट के निरीक्षण के दौरान खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोर्ट के भीतर नया ग्रीन मेट लगवाने के निर्देश जोन आयुक्त को दिए।

इस अवसर पर जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता प्रिया करसे, सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, उप अभियंता शंकर सुवन मरकाम, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, स्वछता निरीक्षक सूर्या, मनीष सहित जोन के सुपरवाइजर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।